INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 8	**Topic: Paragraph Worksheet**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए:-

एक बार, ऊँटनी 'रीमा' और उसका बच्चा 'लम्बू' आपस में बातें कर रहे थे। एक बार 'लम्बू' ने माँ से पूछा, "माँ, कूबड़ क्यों होते है?" तब माँ ने जवाब दिया, "हमारे कूबड़ पानी भरने के लिए हैं ताकि हम रेगिस्तान में बहुत कम पानी में जीवित रह सकें।"
'लम्बू' ने माँ से फिर पूछा, "हमारे पैर का पंजा गोल क्यों होता है?" माँ ने उत्तर दिया, "पैर का गोल पंजा रेगिस्तान में आराम से चलने में हमारी मदद करता है। यह पैर हमें गरम रेत में घूमने में भी मदद करते हैं ।"
बच्चे ने माँ से एक और सवाल पूछा, "लेकिन हमारी पलकें इतनी लंबी क्यों होती है?" माँ ने उत्तर दिया, "ऊँटों की आँखों को रेगिस्तान में धूल और रेत से सुरक्षित रखने के लिए यह हमारे सुरक्षा कवच होते हैं।" तब बच्चे ने कुछ देर सोचा और माँ से फिर पूछा, "तो हमारे पास रेगिस्तान में यात्रा करने के लिए और कम पानी में जीवित रहने के लिए कूबड़ है, रेगिस्तान में आराम से घूमने के लिए पैर के पंजे गोल हैं और रेगिस्तान की तेज हवा, धूल, मिटटी से बचने के लिए लंबी पलके हैं। फिर भी हम चिड़ियाघर में क्यों हैं।" अपने बच्चे की बात सुनकर ऊँटनी चुप हो गई और उसके पास कोई जवाब नहीं था।
शिक्षा: आपकी ताकत, कौशल और ज्ञान पूरी तरह बेकार है। अगर आप सही जगह पर नहीं हैं।

प्रश्न -1 – एक बार कौ आपस में बातें कर रहे थे?

ऊँटनी 'रीमा' और उसका बच्चा 'लम्बू'　　शेरनी 'सीमा' और उस बच्चा 'सिम्बा'
हिरणी 'भीमा' और उसका बच्चा 'मोंटी'　　हथिनी हेमा और उसका बच्चा 'चम्पू'

प्रश्न -2 - एक बार 'लम्बु' ने माँ से क्या पूछा?

"माँ, पैर क्यों होते है?"　　"माँ, कूबड़ क्यों होते है?"
"माँ, कान क्यों होते है?"　　"माँ, बाल क्यों होते है?"

प्रश्न -3 रेगिस्तान में कम पानी में जीवित रहने के लिए कौन मदद करता है ?

कूबड़　　गोल पंजा　　लंबी पलके　　लंबी गर्दन

प्रश्न -4 -"हमारे पैर का पंजा गोल क्यों होता है?" किसने किससे पूछा ?

'छोटू' ने माँ से   'नन्हे' ने माँ से   'लम्बू' ने माँ से   'तब्बू' ने माँ से

प्रश्न – 5 "पैर का गोल पंजा ------- में आराम से चलने में हमारी मदद करता है ? रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

रेगिस्तान   हिन्दोस्तान   जंगल   बगीचे

प्रश्न – 6 ऊँटों की आँखों को रेगिस्तान में धूल और रेत से उनका कौन - सा अंग सुरक्षित रखता है ?

उनकी लंबी पलके   उनकी लंबी टांगे   उनकी लंबी गर्दन   उनकी लंबी आँखें

प्रश्न - 7 चिड़ियाघर में कौन थे ?

ऊँटनी और उसका बच्चा   शेरनी और उसका बच्चा
चिड़िया और उसका बच्चा   मोरनी और उसका बच्चा

प्रश्न -8- बच्चे की बात सुनकर कौन चुप हो गई ?

ऊँटनी   हिरणी   गाय   बकरी

****